दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 15 अगस्त 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 317

ऑपरेशन सरहद : इंटेलीजेंस टीम ने पकड़े आईएसआई के दो जासूस, पाकिस्तान भेजते थे भारतीय सेना की खुफिया जानकारी

जयपुर (आरएनएस)। स्वतंत्रता दिवस से पहले जयपुर इंटेलीजेंस (सीआईडी) की टीम ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए भारतीय सेना की जासूसी करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनमें भीलवाड़ा से नारायणलाल गाडरी और पाली के जैतारण से कुलदीप सिंह शेखावत को पकड़ा गया है। ऑपरेशन सरहद के नाम से चलाए जा रहे इस अभियान में इस साल में अब तक 6 जासूस पकड़े जा चुके हैं जिनमें तीन सैन्यकर्मी भी शामिल हैं।

भीलवाड़ा और पाली से गिरफ्तार किये गये दोनों स्थानीय जासूसों को सेना की सामरिक महत्व की सूचनायें देने की एवज में मोटी रकम ऑनलाइन ट्रांसफर कर भेजी जा रही थी। उनसे जयपुर में गहनता से पूछताछ की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार आरोपी कुलदीप सिंह शेखावत से पूछताछ में सामने आया है कि वह पाली के जैतारण में शराब के ठेके पर सेल्समेन है। पिछले लंबे वक्त से वह पाकिस्तानी महिला हैंडलर के संपर्क में था। वह उसके इशारों पर फर्जी सैन्यकर्मी बनकर सोशल मीडिया पर अकाउंट बनाता है। फौजी की वर्दी में फोटो लगाता है। फिर सैन्यकर्मियों से दोस्ती कर सामरिक महत्व की अहम जानकारी हासिल करता है। यह जानकारी वह महिला हैंडलिंग अफसर को पहुंचाता है। आरोपी कुलदीप मूल रूप से जयपुर जिले में विराट नगर का रहने वाला है।

वहीं भीलवाड़ा जिले से जासूसी के आरोप में पकड़ा गया नारायणलाल गाडरी है। वह पाकिस्तानी जासूसी एजेंसियों के संपर्क में था। वह रुपयों के लालच में आकर पाक हैंडलिंग अफसरों के इशारे पर फर्जी आईडी से मोबाइल नंबरों के सिम कार्ड जारी करवाता है। इन भारतीय नंबरों से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के हैंडलर फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर सरहदी इलाकों में सैन्यकर्मियों और स्थानीय लोगों से संपर्क कर भारतीय सेना की अहम जानकारी हासिल करते हैं। नारायणलाल भी इन्हीं मोबाइल नंबरों पर भारतीय सेना की अहम जानकारी भेजता था।

15 अगस्त से पहले दिल्ली, पंजाब और असम में पुलिस की बड़ी कार्यवाई

नई दिल्ली (आरएनएस)। 15 अगस्त से पहले तीन राज्यों की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल अलग-अलग लोगों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने रविवार को दो बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। पुलिस ने इनके पास से पासपोर्ट और बांग्लादेश के मंत्रालयों के 10 नकली स्टाम्प बरामद किए हैं। डीसीपी द्वारका एम हर्षवर्धन ने बताया कि पालम इलाके से रविवार को पकड़े गए लोगों के नाम मोहम्मद मुस्तफा और मोहम्मद हुसैन हैं। दोनों से पूछताछ की जा रही है। 15 अगस्त से पहले राजधानी में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान सूचना मिलने पर पुलिस बांग्लादेशी नागरिकों के घर पहुंची थी। तलाशी में उनके पास से एक दर्जन पासपोर्ट और बांग्लादेश के मंत्रालयों के 10 नकली स्टाम्प भी मिले। पूछताछ में वे इस बारे में कोई जवाब नहीं दे सके। इसके बाद में दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस ने आनंद विहार इलाके से हथियार तस्करी करने वाले गैंग के 6 लोगों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से लगभग 2000 जिंदा कारतूस सहित भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद हुआ। एएसपी विक्रमजीत सिंह ने बताया कि यह खेप लखनऊ के लिए थी। शुरुआती जांच में पता चला है कि यह आपराधिक नेटवर्क का हिस्सा है। इंटेलिजेंस ब्यूरो ने 15 अगस्त को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। टीम ने दिल्ली पुलिस को 10 पन्ने की रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें स्वतंत्रता दिवस के दिन आतंकी हमला होने की आशंका जताई गई है। इंटेलिजेंस ब्यूरो ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठन किसी हमले को अंजाम देने की साजिश रच रहे हैं। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआईएस ने दोनों आतंकी संगठनों के नेताओं को हमला करने के निर्देश दिए हैं। पंजाब में रविवार को पाक-आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। कनाडा स्थित अर्श डल्ला और ऑस्ट्रेलिया स्थित गुरजंत सिंह से जुड़े 4 मॉड्यूल सदस्य गिरफ्तार हुए हैं। पंजाब के डीजीपी के मुताबिक इनके पास से 3 ग्रेनेड, एक आईईडी, दो 9एमएम पिस्तौल और 40 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। असम में चराइदेव जिले के सोनारी से एक उल्फा (आई) कैडर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक पिस्तौल और अन्य हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और पता लगाने की कोशिश कर रही है कि स्वतंत्रता दिवस पर इनका कोई बड़ा प्लान तो नहीं है।

महत्वपूर्ण एवं खास

गुजरात : गांव जा रहे परिवार की कार भावनगर में डंपर से टकराई, चार लोगों की मौत

भावनगर (आरएनएस)। गुजरात के भावनगर जिले में स्टेट हाईवे पर एक कार के डंपर ट्रक से टकरा जाने से हुए दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस एक अधिकारी ने रविवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह दुर्घटना जिले के वल्लभीपुर कस्बे के निकट राजमार्ग पर शनिवार रात करीब 11 बजे हुई। उन्होंने कहा कि हादसे में जान गंवाने वाले परिवार के चारों लोग सूरत से अमरेली जिले के अपने पैतृक गांव झरकिया जा रहे थे, तभी उनकी कार सडक़ किनारे डंपर से जा टकराई। अधिकारी ने कहा कि हादसे में एक दंपति और उनके 15 वर्षीय बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके 18 वर्षीय भतीजे को भावनगर के एक अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को हादसे के बारे में सूचना दे दी है।

बक्सर में शराब के नशे में धुत एसबीआई का शाखा प्रबंधक समेत पांच गिरफ्तार

बक्सर (आरएनएस)। बिहार में बक्सर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से पुलिस ने रविवार तडक़े शराब के नशे में धुत भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शाखा प्रबंधक समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सिंह ने यहां बताया कि जिले में लागू शराबबंदी कानून के मद्देनजर एंटी लिकर टास्क फोर्स के द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान राजपुर के देवल पुल के समीप एक कार को रोककर तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान कार से पांच बोतल विदेशी शराब बरामद की गयी। कार में सवार सभी लोगों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई।सभी के शराब पीने की पुष्टि हुयी।इसके बाद सभी लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार शाखा प्रबंधक वीरेंद्र कुमार राम उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में कार्यरत है। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है।

बीएसएफ ने पंजाब में पाकिस्तान सीमा के पास नशीले पदार्थ के 3 पैकेट बरामद किए

नई दिल्ली (आरएनएस)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर से लगी पाकिस्तान की सीमा के पास से नशीले पदार्थों के 3 पैकेट बरामद किए है। बीएसएफ की तरफ से ये जानकारी साझा की गई है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर सेक्टर से 3 संदिग्ध हेरोइन के पैकेट बरामद किए हैं। बीएसएफ की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान की सीमा के पास अमृतसर जिले के दाओके गांव के यहां जब बीएसएफ के जवान सीमा पर बाड़ लगाने के लिए इलाके का मुआयना कर रहे थे, उसी दौरान उन्हें 2 नशीले पदार्थों के पैकेट मिले, जिन्हें जब्त कर लिया गया। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के जवानों ने इसके बाद पूरे इलाके की तलाशी ली, तो उन्हें पाकिस्तान की सीमा के पास ही धान के खेतों में काली पॉलिथीन में लिपटा एक और पैकेट बरामद हुआ। तीनों पैकेट में मिलाकर करीब 690 ग्राम संदिग्ध ड्रग्स पाया गया है। सीमा सुरक्षा बल बॉर्डर पर लगातार ड्रग्स की तस्करी रोकने के लिए मुस्तैद रहती है। मगर पंजाब में भारत पाकिस्तान सीमा के लगभग 15 किलोमीटर के दायरे में ड्रग्स की तस्करी रोकना अब भी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।

बारिश के दौरान दीवार ढहने से दो सगी बहनों की मौत

कानपुर देहात (आरएनएस)। अकबरपुर कस्बे के रामगंज मोहल्ले में बारिश के दौरान एक स्कूल की दीवार ढहने से दो सगी बहनों की मौत हो गई, जबकि तीसरी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की जानकारी पर डीएम व एसपी ने जिला अस्पताल पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली। इसके साथ ही उनको हर संभव मदद का भरोसा दिया। अकबरपुर कस्बे के रामगंज मोहल्ले के राम किशन की पुत्रियां पुत्रियां सोनम (20), सलोनी (15) व ज्योती (13) रविवार सुबह कालीगंज मोहल्ले में रहने वाली बहन के यहां जा रही थीं। देव समाज पब्लिक स्कूल के पास से निकलते समय स्कूल की दीवार अचानक धमाके के साथ ढह गई।

एक दर्जन पासपोर्ट के साथ पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिक

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली पुलिस ने 75वें स्वतंत्रता दिवस से ठीक एक दिन पहले रविवार को कहा कि उन्होंने दो बांग्लादेशी नागरिकों को लगभग एक दर्जन पासपोर्ट और विभिन्न मंत्रालयों के 10 नकली टिकटों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) एम. हर्षवर्धन ने कहा कि आगामी स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर नियमित विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है और रामफल चौक में ऐसे ही एक अभियान के दौरान पुलिस वहां रहने वाले दो बांग्लादेशी नागरिकों के घर गई। बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान मोहम्मद मुस्तफा (28) और मोहम्मद हुसैन शेख के रूप में की गई है।

डीसीपी ने कहा, खोज करने पर, उनके पास बांग्लादेशी नागरिकों के 11 पासपोर्ट और बांग्लादेश के विभिन्न मंत्रालयों और नोटरी के 10 नकली टिकट पाए गए। नकली रबर स्टैंप के बारे में, उनके पास कोई ठोस जवाब नहीं था। तदनुसार, पुलिस ने दोनों के खिलाफ कानून की उपयुक्त धाराओं (विदेशी अधिनियम और 468 आईपीसी) के तहत मामला दर्ज किया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी युगल ने कहा कि वे बांग्लादेशी नागरिकों के लिए एजेंट के रूप में काम करते थे जो इलाज के लिए आते हैं। अधिकारी ने कहा, हालांकि उनके पास से बड़ी संख्या में नकली टिकटों की बरामदगी की जांच की जा रही है।

मुंबई-पुणे एक्सप्रेस पर भीषण हादसा, पूर्व एमएलए विनायक मेटे की मौत- एसयूवी के उड़े परखच्चे

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे पर हुए सडक़ हादसे में पूर्व विधायक विनायक मेटे की मौत हो गई। बताया गया कि उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई और बेहद गंभीर रूप से घायल होने के कारण उनकी मौत हो गई। इस हादसे में उनकी कार के परखच्चे उड़ गए। यह तब हुआ जब मेटे का ड्राइवर एक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था और इसी दौरान उसने संतुलन खो दिया।

दरअसल, यह घटना पनवेल के पास माडप टनल में हुई है। मीडिया ने बताया कि पूर्व विधायक विनायक मेटे अपनी कार से जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया, गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में विनायक मेटे के सिर में गंभीर चोट आई थी।

घटना के बाद तत्काल उन्हें पास के एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन वहां उनकी मौत हो गई। रायगढ़ के जिला कलेक्टर महेंद्र कल्याणकर ने कहा कि शिव संग्राम पार्टी के प्रमुख विनायक मेटे की रविवार को मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर खोपोली के पास एक कार दुर्घटना में मौत हो गई।

रिपोर्ट के मुताबिक मेटे की सहयोगी और भाजपा विधायक भारती लावेकर ने कहा कि वह एक बैठक के लिए मुंबई आ रहे थे और बाद में उनके स्वतंत्रता दिवस की एक रैली में शामिल होने के लिए अपने गृहनगर बीड जाना था।

विनायकराव मेटे तीन बार विधायक रह चुके हैं। मेटे शिवसंग्राम पार्टी के अध्यक्ष थे। उनका जन्म 30 जून 1970 को बीड में हुआ था। विनायक मेटे 2016 में बीजेपी कोटे से निर्विरोध एमएलसी चुने गए थे। वे गोपीनाथ मुंडे के बेहद करीबी माने जाते थे। 2014 में विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने भाजपा से भी हाथ मिलाया था।

ऑनलाइन तैयार हो रहे आतंकी : सैफुल्लाह से कराई गई थी फायरिंग

❒ **यूपी में जल्द से जल्द एक बड़ी आतंकी घटना करने का था इरादा**

कानपुर (आरएनएस)। यूपी एटीएस को एक और बड़ी सफलता मिली है। सहारनपुर से गिरफ्तार नदीम के आतंकी कनेक्शन में जैश ए मोहम्मद से जुड़ा एक और आतंकी सैफुल्लाह कानपुर से गिरफ्तार हुआ है। हबीब उल इस्लाम उर्फ सैफुल्लाह वर्चुअल आईडी बनाने में एक्सपर्ट है और उसी ने नदीम सहित कई पाकिस्तानी एवं अफगानिस्तानी आतंकियों को लगभग 50 वर्चुअल आईडी बना कर दी है। हबी उल सोशल मीडिया के माध्यमों जैसे टेलीग्राम, व्हाट्सएप और फेसबुक मैसेंजर आदि के जरिए पाकिस्तान और अफगानिस्तान में बैठे कई हैंडलर से जुड़ा है।

आतंकी संगठन यूपी में ऑनलाइन आतंकी तैयार कर रहे हैं। ये लोग युवाओं को आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के लिए लोन वुल्फ अटैक की तैयारी कराते है। गोरखपुर में गिरफ्तार आतंकी मुर्तजा और सहारनपुर में गिरफ्तार नदीम इसी तरह के हमला करने की ट्रेनिंग ले चुके थे। साल 2017 में लखनऊ में एनकाउंटर में मारे गए सैफुल्लाह ने बम धमाके और गोली मारने की ट्रेनिंग ली थी।

सूत्रों के मुताबिक,15 अगस्त को आतंकी संगठन माहौल खराब करने की कोशिश में थे। यह लोग स्लीपिंग माड्यूल और नए लडक़ों को एक्टिव कर रहे थे। अप्रैल 2022 में गोरखपुर से गिरफ्तार मुर्तजा, आजमगढ़ से अगस्त 2022 में ढ्ढस् से जुड़े सबाउद्दीन आजमी और सहारनपुर से शुक्रवार को नदीम की गिरफ्तारी से साफ है कि यूपी में आतंकी संगठन सक्रिय हैं।

यूपी में तिरंगा यात्रा के दौरान बड़ी घटना को देना था अंजाम

इन लोगों से पूछताछ में सामने आया है कि यह लोग प्रदेश में अपना दायरा बढ़ाने के लिए स्लीपिंग माड्यूल को सक्रिय करने के साथ नए लोगों को जोडऩे का काम शुरू कर दिया है। उनका इरादा यूपी में जल्द से जल्द एक बड़ी आतंकी घटना करने का इरादा था। इसके लिए छोटे-छोटे ट्रायल शुरू कर दिए थे। इसमें गोरखपुर मंदिर के बाहर मुर्तजा द्वारा किया हमला एक था। बता दें कि सहारनपुर के गिरफ्तार किए गए जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मोहम्मद नदीम के पूरे नेटवर्क को स्वतंत्रता दिवस से पहले एटीएस ध्वस्त करना चाहती हैं। पूरी ताकत के साथ नदीम के सहयोगियों की तलाश रही एटीएस को कानपुर में एक और सफलता मिली। सैफुल्लाह गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले एटीएस ने आजमगढ़ से सबाउद्दीन आजमी को गिरफ्तार किया था।

एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने बताया कि नदीम ने जैश-ए-मुहम्मद समेत अन्य आतंकी संगठनों से सीधे जुड़ा था। उसने ऑनलाइन आतंकी ट्रेनिंग ली थी। नदीम ने यूपी में तिरंगा यात्रा के दौरान टारगेट सेट किए थे। इसमें कई नामी और राजनैतिक लोगों के नाम शामिल हैं। उसने इसके लिए सर्वे भी किया था।

नहीं रहे शेयर मार्केट के बेताज बादशाह राकेश झुनझुनवाला, मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में ली अंतिम सांस

मुंबई । शेयर मार्केट के बिगबुल और अरबपति व्यवसायी राकेश झुनझुनवाला का निधन हो गया है। झुनझुनवाला ने 62 साल की उम्र में ली अंतिम सांस ली। झुनझुनवाला ने रविवार सुबह 6.45 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। इसकी पुष्टि अस्पताल ने की है। मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल ने उनके निधन की पुष्टि की है। झुनझुनवाला को 2-3 सप्ताह पहले ही अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया था और वह घर आ गए थे। झुनझुनवाला के निधन की खबर सुनकर हर कोई स्तब्ध है।

बता दें कि करीब एक हफ्ते पहले ही राकेश झुनझुनवाला ने अपनी एयरलाइंस अकासा की भी शुरुआत की थी। उनकी अकासा एयरलाइंस के पहले विमान ने 7 अगस्त को मुंबई से अहमदाबाद के लिए उड़ान भरी थी। उन्होंने इस कंपनी की शुरुआत विमानन क्षेत्र के कारोबारी आदित्य घोष और विनय दुबे के साथ मिलकर की थी। भारत के वारेन बफे कहे जाने वाले राकेश झुनझुनवाला की कमाई का मुख्य जरिया शेयर बाजार है। झुनझुनवाला की इस सफल कहानी की शुरुआत महज पांच हजार रुपये से हुई थी। आज उनकी नेटवर्थ करीब 40 हजार करोड़ रुपये है।

स्वतंत्रता दिवस पर 1,082 पुलिसकर्मियों को मिलेगा पदक, गृहमंत्रालय ने जारी की सूची

नई दिल्ली (आरएनएस)। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इस साल 1082 पुलिसकर्मियों को पदक से सम्मानित किया जाएगा। सभी कैटेगरी में सबसे ज्यादा 125 पदक जम्मू कश्मीर पुलिस को मिले हैं। गृहमंत्रालय ने रविवार को इनके नामों की सूची जारी कर दी। इस साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिए जाने वाले पुलिस पदकों की घोषणा कर दी गई है। गृहमंत्रालय के मुताबिक इस साल कुल 1082 पुलिसकर्मियों को अलग अलग पदकों से सम्मानित किया जाएगा। इनमें 347 पुलिसकर्मियों को वीरता के लिए पुलिस पदक, जबकि 87 पुलिसकर्मियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा 648 पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक दिए गए हैं। इन सभी पुलिसकर्मियों को 15 अगस्त के मौके पर ये पदक दिए जाएंगे।

गृहमंत्रालय ने जो सूची जारी की है, उसके मुताबिक ये सभी पदक अलग अलग राज्यों की पुलिस और अर्धसैनिक बलों को दिए गए हैं। खास बात ये है कि तीनों कैटेगरी में सबसे ज्यादा 125 पदक जम्मू कश्मीर पुलिस को मिले हैं। जिन 347 पुलिसकर्मियों को वीरता के लिए पदक दिए गए हैं, उनमें 204 को जम्मू कश्मीर में उनकी बहादुरी, जबकि 80 पुलिसकर्मी ऐसे शामिल किए गए हैं, जिन्होंने लेफ्ट विंग प्रभावित नक्सली इलाकों में बहादुरी दिखाने का काम किया है। वहीं 14 पुलिसकर्मियों को नार्थ ईस्ट क्षेत्र में काम के लिए वीरता पदक मिल रहा है।

वीरता के लिए पुलिस पदक पाने वालों में सीआरपीएफ के 109, जम्मू कश्मीर पुलिस के 108, बीएसएफ के 19 और 42 महाराष्ट्र पुलिस के जवान शामिल हैं। बाकी अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिसकर्मी शामिल हैं।

छग. पुलिस विभाग के अनेक अधिकारी विशिष्ट सेवापदकों से होंगे सम्मानित- आजादी के 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण देश में आजादी का अमृत महोत्सव विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से 15 अगस्त को मनाया जाएगा। परंपरा के अनुसार इस अवसर पर केन्द्रीय पुलिस सेवा एवं राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को वीरतापूर्ण कार्य किए जाने पर विशिष्ट सेवा पदकों से सम्मानित किया जाएगा। बिलासपुर रेंज के आईजी रतन लाल डांगी को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। भारत शासन, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वतंत्रता दिवस, 2022 के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के निम्नलिखित अधिकारियों को पुलिस वीरता पदक, विशिष्ट सेवा पदक एवं सराहनीय सेवा पदक से विभूषित किये जाने की घोषणा की गई है :-

मालिक राम, निरीक्षक, जिला नारायणपुर। अलरिक लकड़ा, उप निरीक्षक, जिला नारायणपुर हाल निरीक्षक जिलासरगुजा। महेन्द्र पोटाई, उप निरीक्षक, जिला नारायणपुर। सुक्कु राम नाग, प्रधान आरक्षक हाल उप निरीक्षक, जिला नारायणपुर। शहीद जयलाल उईके, प्रधान आरक्षक (मरणोपरांत), जिला नारायणपुर। शहीद कनेर उसेंडी, प्रधान आरक्षक (मरणोपरांत), जिला नारायणपुर। शहीद श्याम किशोर शर्मा, उप निरीक्षक (मरणोपरांत), जिला राजनांदगांव। डॉ.अभिषेक पल्लव (भापुसे), पुलिस अधीक्षक, दुर्ग। राम अवतार पटेल, सउनि हाल उप निरीक्षक जिला दंतेवाड़ा। डिलेश्वर कुमार सोनवानी, प्लाटून कमाण्डर हॉल कंपनी कमाण्डर, एसटीएफ, बघेरा- दुर्ग। हजारी लाल मौर्य, सउनि हाल उप निरीक्षक जिला दंतेवाड़ा। सुक्कू राम नुरेटी, उप निरीक्षक हाल निरीक्षक जिला नारायणपुर। बलराम उसेण्डी, उप निरीक्षक हाल निरीक्षक जिला नारायणपुर। राजकुमार सलाम, प्रधान आरक्षक, जिला कोण्डागांव। हरिशंकर प्रताप सिंह कंवर, निरीक्षक, विआशा राजनांदगांव। विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक संजीव शुक्ला, पुलिस उप महानिरीक्षक, अअवि, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर। बिश्रु प्रसाद देशमुख, निरीक्षक, विआशा, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर व अन्य।